उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 212 /गोपन/2024–25 दिनांकः 21 अगस्त, 2024

विज्ञप्ति

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–57/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 में विज्ञापित उत्तराखण्ड वन विकास निगम के अंतर्गत स्केलर के रिक्त पदों की लिखित परीक्षा दिनांक 25 अगस्त, 2024 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र 20 अगस्त, 2024 से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किये गये, जिसमें कतिपय अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन पत्र में चुने गये जनपदों में निकटस्थ परीक्षा केन्द्र उपलब्ध न होने के कारण अन्य जनपदों में बनाये गये परीक्षा केन्द्र आवंटित हो गये हैं, अभ्यर्थियों द्वारा इस सम्बन्ध में कठिनाई व्यक्त करने व प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के आधार पर आयोग द्वारा उनके द्वारा चुने गये जनपदों के निकटस्थ जनपदों में बनाये गये परीक्षा केन्द्र आंवटित कर नये प्रवेश–पत्र जारी कर दिये गये हैं।

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपना प्रवेश–पत्र पुनः आयोग की बेवसाइट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड करें। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।

Scanned with ACE Scanner